AMAR BAL VIDHYA MANDIR SEC. SCHOOL

Email- deavkinandanshaarma@gmail.com Contact no.:- 9828036944

WWW.AMARBALVIDHYAMANDIRJPR.BUZZ

# प्यासा कौआ

एक बार एक कौआ बहुत प्यासा था। उसको कहीं पानी नहीं मिल रहा था। बहुत ढूँढने पर उसको एक घड़ा दिखाई दिया। घड़े में बहुत थोड़ा सा पानी था। कौए की चोंच पानी तक नहीं पहुँच पा रही थी। वह बड़े ध्यान से सोचने लगा और उसे एक उपाय सूझा। पास ही पत्थर के कुछ टुकड़े पड़े थे। कौए ने एक एक पत्थर उठाया और घड़े में डालता गया। धीरे धीरे पानी ऊपर आने लगा। कौआ लगातार पत्थर डालता गया। जल्दी ही पानी इतना ऊपर आ गया कि कौए की चोंच वहाँ तक आराम से पहुँच गई। तब कौए ने पानी पिया और अपनी प्यास बुझाई।